# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय एसओजी व थाना त्रिलोकपुर पुलिस टीम द्वारा त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़हरा से ट्रक पर लदा 30 टन माल (गेहूँ) का गबन कर फरार हुए चालक व सहचालक को किया गया गिरफ्तार तथा ट्रक, लगभग 10 टन गेहूँ एवं बिक्री से प्राप्त धनराशि बरामद।**

दिनांक 20.05.2026 को शिव शक्ति ट्रेडर्स, बड़हरा विशुनपुर से लगभग 30 टन गेहूँ ट्रक संख्या UP61T9372 पर लादकर गोण्डा भेजा गया था। ट्रक चालक अनिल यादव एवं सहचालक सुभाष यादव द्वारा माल को निर्धारित गंतव्य तक न पहुँचाकर अपने मोबाइल फोन बंद कर लिये गये तथा गेहूँ को औने-पौने दामों में बेचकर गबन कर लिया गया जिसके सम्बन्ध में वादी बलिराम गुप्ता की तहरीर के आधार पर दिनांक 25.05.2026 को थाना त्रिलोकपुर पर मु0अ0सं0 88/2026 धारा 316(2), 316(5) एवं 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर हरेकृष्ण उपाध्याय एवं प्रभारी एसओजी चन्द्रकान्त पाण्डेय के नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुर पुलिस, एसओजी टीम एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए दिनांक 04.06.2026 को उपरोक्त मु0अ0सं0 88/2026, धारा 316(2), 316(5) एवं 317(2) बीएनएस से संबंधित 02 नफर वांछित अभियुक्तों को बिस्कोहर-बलरामपुर बॉर्डर क्षेत्र से गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. अनिल यादव पुत्र गोमती यादव निवासी ग्राम विशुनपुर काशीनाथ, थाना गम्भीरपुर, जनपद आजमगढ़।
2. सुभाष यादव पुत्र खरभान यादव निवासी ग्राम विथरिया, थाना दुल्लहपुर, जनपद गाजीपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

1. ट्रक संख्या UP61T9372
2. कुल 9,855 किलोग्राम गेहूँ।
3. ₹1,20,000/- (वादी के खाते में )

**अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास-**

**01.अभियुक्त सुभाष यादव-**

**1.** मु0अ0सं0 88/2026, धारा 318(2), 351(2) बीएनएस, थाना फूलपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।

**02.अभियुक्त अनिल यादव-**

1. मु0अ0सं0 96/2024, धारा 427/445/504/506 भा0द0वि0, थाना गम्भीरपुर, जनपद आजमगढ़।
2. मु0अ0सं0 163/2023, धारा 406/506 भा0द0वि0, थाना कप्तानगंज, जनपद आजमगढ़।
3. मु0अ0सं0 42/2024, धारा 406/420 भा0द0वि0, थाना कप्तानगंज, जनपद आजमगढ़।
4. मु0अ0सं0 85/2020, धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम, धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं धारा 307/34 भा0द0वि0, थाना बड़हलगंज, जनपद गोरखपुर।

**पूछताछ/कृत कार्यवाही का विवरण-** पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त सुभाष यादव द्वारा बेचे गये गेहूँ से प्राप्त धनराशि में से ₹1,20,000/- वादी मुकदमा के खाते में यूपीआई के माध्यम से प्रेषित कर दिया गया है इसके अतिरिक्त ₹1,50,000/- अपनी पत्नी के खाते में स्थानांतरित किये गये थे जिसमें फ्रीज की कार्यवाही की जा रही है तथा ₹58,500/- दिनांक 25.05.2026 को ट्रैक्टर की किस्त के रूप में जमा किये गये।
अभियुक्तगण शातिर प्रवृत्ति के हैं। पूछताछ में इनके द्वारा वर्ष 2025 में जनपद गाजीपुर से चावल लेकर राजस्थान जाते समय माल लेकर फरार होने तथा वाराणसी में एक पेप्सी व्यवसायी के साथ भी धोखाधड़ी करने की बात प्रकाश में आई है, जिसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी संकलित की जा रही है।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. हरेकृष्ण उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक, थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
2. चन्द्रकान्त पाण्डेय प्रभारी एसओजी, जनपद सिद्धार्थनगर।
3. हरेन्द्र चौहान, प्रभारी सर्विलांस सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।
4. उ0नि0 शिवाकान्त राय, थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
5. हे0का0 राजीव कुमार शुक्ला, हे0का0 मनोज राय, हे0का0 मनीन्द्र प्रताप चन्द्र, हे0का0 आशुतोष धर दूबे, हे0का0 दिलीप कुमार, का0 वीरेन्द्र तिवारी, का0 रोहित चौहान एवं का0 छविराज यादव (एसओजी टीम) जनपद सिद्धार्थनगर।
6. हे0का0 पुष्पेन्द्र कुमार (सर्विलांस सेल) जनपद सिद्धार्थनगर।
7. हे0का0 रवि कुमार, का0 सागर जायसवाल एवं का0 नितिन पाठक, थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर सहित अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरुकता का दिया गया संदेश।**

विवरण- पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक है। बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। वृक्ष न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में भी सहायक होते हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 05.06.2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन सहित उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया तथा विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार आदि पेड़ के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। अधिकारियों द्वारा उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा एवं देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पौधरोपण को प्रोत्साहित करना तथा आगामी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित करना है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर / सहायक पुलिस अधीक्षक विश्वजीत सौरयान ,क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह , प्रतिसार निरीक्षक सिद्धार्थनगर  भूतनाथ गुप्ता  सहित अन्य पुलिसकर्मी ने पौधरोपण किया।

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆ जनपदीय एंटीथेफ्ट टीम व थाना बांसी पुलिस द्वारा बस में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 05 अदद आईफोन मूल्य करीब ₹ 2,50,000/- बरामद किया गया ।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा चोरी/नकबजनी की घटनाओं के रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी बांसी सुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में जनपदीय एंटीथेप्ट टीम एवं प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी मय टीम द्वारा आज दिनांक 05.06.2026 को मु0अ0सं0 98/2026 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. गब्बर चौहान पुत्र रामकृपाल तथा 2. विजय गौड़ पुत्र राजकपुर गौड़ निवासीगण ग्राम मिठौवा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर को बांसी रोडवेज के पास से गिरफ्तार कर, गिरफ्तार अभियुक्तगण के पास से चोरी के 05 आईफोन बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**पूछताछ का विवरण-**

पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्त गब्बर चौहान द्वारा बताया गया कि मै सोनिया बस सर्विस का ड्राइवर हूं व विजय गौड़ मेरे साथ इसी बस पर कभी-कभी रहता है। हम लोग मोबाइल की लालच में एक गत्ते के पैकेट को बस से चुरा लिये, जिसमे 10 आईफोन मोबाइल था। जिसमे से 05 मोबाइल हम दोनो लोग मिलकर बढ़नी के तरफ से नेपाल मे जाकर बेच दिये। जो पैसा मिला हम लोग आपस में बांटकर खाने पीने मे खर्च कर दिये। आज फिर शेष 05 मोबाइल को बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिये गये।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

01. गब्बर चौहान पुत्र रामकृपाल निवासी ग्राम मिठौवा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।
02. विजय गौड़ पुत्र राजकपुर गौड़ निवासी ग्राम मिठौवा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर ।

**बरामदगी का विवरण-**

01- 05 अदद आईफोन

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

01. मृत्युंजय पाठक प्रभारी निरीक्षक बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
02. उ0नि0 श्री संतोष सिंह प्रभारी एंटी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।
03. उ0नि0 हरेन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस जनपद सिद्धार्थनगर ।
04. उ0नि0 स्वामीनाथ भास्कर बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
05. हे0का0 रमेश कुमार, हे0का0 जनार्दन प्रजापति, हे0का0 इन्द्रेश यादव, हे0का0 अमित यादव, आरक्षी अभिनन्दन सिंह एंटी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।
06. हे0का0 रामशब्द यादव, हे0का0 धर्मेन्द्र यादव व रि0का0 विकास कुमार बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सिद्धार्थनगर जनपदीय एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत जनपद के थानाक्षेत्र मोहाना में बर्डपुर, ककरहवा बॉर्डर व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम उ0नि0 मीरा चौहान द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थानाक्षेत्र मोहाना में बर्डपुर , ककरहवा बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबरो जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए बॉर्डर पर  महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**जनपदीय एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उपनिरीक्षक मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड

02.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना लोटन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम- कस्बा लोटन में महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में ग्राम- कस्बा लोटन में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना, योजना व बहू सम्मेलन अभियान,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सम्बन्धित अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.का0शिवपाल सिंह यादव

02.म0का0 लक्ष्मी यादव

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कोइरीडीहा में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.06.2026 को प्रभारी निरीक्षक मान सिंह थाना कपिलवस्तु के नेतृत्व में थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोइरीडीहा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती है के बारे मे जानकारी दी गयी तथा सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। एवं महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर एवं नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 रवींद्र नाथ यादव

02.म0आ0 सुषमा वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना चिल्हिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम चनरगडडी की महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 05.06.2026 को प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता थाना चिल्हिया के कुशल नेतृत्व में थाना चिल्हिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम चनरगडडी में महिलाओं व बालिकाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं मिशन शक्ति व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना चिल्हिया मिशन शक्ति टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 लालचंद यादव
02.रि0का0 अर्पित
03.म0का0 कंचन यादव
04.रि0म0आ0 खुशी

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

◆ **झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दिनांक 05.06.2026 को थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 84/2026 धारा 69,115(2),351(3) bns व 3(1),द,3(1) ध 3(2) v sc/st act से संबंधित अभियुक्त को गोनरा तिराहा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01- आशिक अली पुत्र मन्नौवर निवासी ग्राम झकहिया थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

**01.** उ0नि0 रामदरश यादव थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

02.रि0का0 फूलचन्द्र थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोदय बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन मे एवं थानाध्यक्ष भवानीगंज विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनाँक 05.06.2026 को थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 64/2026 धारा 137(2),87, 64(1) बीएनएस व 5/6पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित बाल अपचारी को अभिरक्षा मे लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 रामशब्द यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
2.हे0का0 अजय सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
3. रि0आ0 आदर्श कुमार थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर

## प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 05.06.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/ पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सिकोथा में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 05.06.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकोथा की महिलाओं व बालिकाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं को बहू बेटी व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या के बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम का विवरण- -
01.उ0नि0 कृष्ण कुमार पांडेय
02.उ0नि0 तालीमुद्दीन खान
03.रि0म0आ0 हिना अंसारी

प्रेस नोट दिनांक 05.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम खेसरही में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 05.06.2026 थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम खेसरही में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर-

01.उ0नि0 चंद्रिका प्रसाद मौर्या
02.उ0नि0 जियाउल्लाह
03.आ0अरुण कुमार पाण्डेय
04.रि0म0आ0 विनीता सिंह
05.रि0म0आ0 गार्गी मिश्रा

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

◆ **झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दिनांक 05.06.2026 को थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 84/2026 धारा 69,115(2),351(3) bns व 3(1),द,3(1) ध 3(2) v sc/st act से संबंधित अभियुक्त को गोनरा तिराहा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

01- आशिक अली पुत्र मन्नौवर निवासी ग्राम झकहिया थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली टीम -

01. उ0नि0 रामदरश यादव थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

02.रि0का0 फूलचन्द्र थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 05-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत ड्युटी पर लगे अधिकारी कर्मचारीगण को किया गया।**

**◆सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 05.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के दृष्टिगत पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में ब्रीफिंग गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करानें/शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ ब्रीफिंग गोष्ठी की गई व शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान समस्त सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, क्षेत्राधिकारी बांसी तथा परीक्षा ड्युटी में लगे अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।